वर्ष : 03 अंक : 85 लखनऊ, बुधवार 08 मई 2024 www.dailyjantaconnection.com EMail:jcnews240@gmail.com पृष्ठ : 4 , मूल्य : 1.00 रुपए

**सुविचार**
मैदान में हारा हुआ इंसान तो जीत सकता है, लेकिन मन से हारा हुआ इंसान कभी नहीं जीत सकता।

**तापमान** डिग्री सेल्सियस

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 36.0 |
| न्यूनतम | 23.0 |
| सूर्योदय | 05.23 |
| सूर्यास्त | 06.43 |

हिन्दी दैनिक

# जनता कनेक्शन



फिल्म वेदा का... 2

# तीसरे चरण में मतदान 61 प्रतिशत से अधिक

जनता कनेक्शन



नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में मंगलवार को 11 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेश दादर-नगर हवेली और दमन एवं दीव की 93 सीटों पर कुल मिलाकर शांतिपूर्ण ढंग से हुये मतदान में 61.57 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। मतदान के अंतिम आंकड़े इससे अधिक हो सकते हैं, पर इसका प्रतिशत पहले और दूसरे चरण के मुकाबले कम है। इसके साथ ही लोकसभा की 543 सीटों में से 283 सीटों पर प्रत्याशियों का भाग्य इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों में दर्ज हो गया है। तीसरे चरण में शामिल सीटों में सामान्य- 72, अनुसूचित जनजाति- 11 और अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित 10 सीटें शामिल थीं। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चला। देश के कई इलाकों में तेज और गर्मी के के बीच मतदान का प्रतिशत तीसरे चरण में भी तुलनात्मक रूप से कम रहा। चुनाव आयोग शाम को जारी मतदान के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार असम में सबसे अधिक 75.30 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया जबकि महाराष्ट्र 54.98 प्रतिशत वोट पड़े। बिहार में 56.55 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 66.99 प्रतिशत, दादर नगर हवेली और दमन एवं दीव में 65.23 प्रतिशत, गोवा में 74.32 प्रतिशत,गुजरात में 56.83 प्रतिशत, कर्नाटक में 68.22 प्रतिशत, मध्यप्रदेश 63.13, महाराष्ट्र में 54.98, उत्तर प्रदेश में 57.34 और पश्चिम बंगाल में 73.93 प्रतिशत वोट पड़े। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने अपने-अपने गृह क्षेत्र में मतदान किया। कुल सात चरणों में कराये जा रहे आम चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान हुआ जिसमें 66.14 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले।

## मोदी ने किया मतदान



अहमदबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के अहमदाबाद में एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी उंगली लोगों को दिखाई । पीएम मोदी ने कहा कि इलेक्शन कमीशन ने चुनाव में टेक्नोलॉजी का भरपूर उपयोग किया है। भारत की चुनाव प्रक्रिया और मैनेजमेंट दुनिया के लोकतंत्र के लिए एक सशक्त उदाहरण है। पीएम मोदी ने सुचारू चुनाव प्रक्रिया के लिए चुनाव आयोग का अभिनंदन भी किया। साथ ही वोटिंग के लिए अपील करते हुए कहा कि देश वासियों से यही अपील है कि भारी मात्रा में मतदान करें। लोकतंत्र के पर्व को मनाएं। सभी को शुभकामनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के अहमदाबाद में निशान हायर सेकेंडरी स्कूल में मतदान किया। मतदान करने के बाद पीएम मोदी ने देशवासियों से बड़ी संख्या में मतदान की अपील की है। पीएम मोदी ने कहा कि निशान हायर सेकंडरी स्कूल में मतदान करने के बाद कहा कि मैं यहां हमेशा मतदान करता हूं। अमित शाह यहां के उम्मीदवार हैं। मैं कल रात को ही आंध्रप्रदेश से आया हूं। गुजरात में हूं। एमपी, महाराष्ट्र, तेलंगाना जाना है। मैं गुजरात और देश के मतदाताओं से आह्वान करता हूं कि अधिक से अधिक से संख्या में मतदान करें। मैं चुनाव आयोग, पुलिस प्रशासन का भी अभिनंदन करता हूं।

# उत्तर प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों पर 57.34 प्रतिशत मतदान हुआ

जनता कनेक्शन

लखनऊ। लोक सभा चुनाव के तीसरे चरण में आज उत्तर प्रदेश की दस लोकसभा सीटों पर भारी सुरक्षा के बची 57.34 प्रतिशत मतदान हुआ। तीसरे चरण में सम्भल, हाथरस (सुरक्षित), आगरा (सुरक्षित), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला तथा बरेली लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ। सबसे ज्यादा मतदान संभल सीट पर 62.81 प्रतिशत और सबसे कम मतदान आगरा में 53.99 प्रतिशत हुआ। इस बीच कुछ जगहों पर नोकझोंक और पुलिस पर मतदान न करने का आरोप भी लगे। शाम छह बजे तक बूथों पर पहुंचे मतदाताओं से अंदर मतदान सम्पन्न कराते हुए ईवीएम को सील किया गया और फिर उन्हें सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम तक पहुंचाया गया। लोकसभा की 10 सीटों पर सुबह मतदान की शुरूआत



अच्छी रही और मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की भीड़ पहुंचने लगी। दोपहर तीन बजे तक सभी सीटों पर लगभग 50 प्रतिशत का आंकड़ा को पार कर लिया या वहां तक पहुंच गए। लेकिन इसके बाद मतदान काफी धीमा रहा और शाम छह बजे तक 57.34 प्रतिशत वोटिंग हो सकी। मतदाताओं ने एक केन्द्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, योगी सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, डिम्पल यादव, राजवीर सिंह, धर्मेन्द्र कश्यप, अक्षय यादव, आदित्य यादव, जियाउर्रहमान बर्क, पूजा अमरोही समेत सौ प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद कर दिया। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश के दस लोकसभा सीटों पर पूरी शांतिपूर्वक मतदान हुआ। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चला। जो भी मतदाता शाह छह बजे मतदेय स्थल पर पंक्ति में उपस्थित हो गये सभी को मतदान का अवसर दिया गया। दस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों का औसत मतदान 57.26 प्रतिशत रहा। लोकसभा सीट संभल पर 62.81 प्रतिशत मतदान हुआ। हाथरस लोकसभा में 55.36 प्रतिशत, आगरा में 53.99 प्रतिशत, फतेहपुर सिकरी में 57.09 प्रतिशत, फिरोजाबाद में 57.83 प्रतिशत, मैनपुरी में 58.59 प्रतिशत, एटा में 58.69 प्रतिशत, बदायूं में 54.05 प्रतिशत, आंवला में 57.08 प्रतिशत और बरेली संसदीय सीट पर 57.88 प्रतिशत मतदान हुआ।

# संक्षिप्त समाचार

## 280 वकीलों के परिवार को मिलेंगे 5-5 लाख रुपये

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश न्यासी समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है कि यूपी के 280 वकील जिनकी मौत हो चुकी है उनके परिवारों को 5-5 लाख रुपए दिए जाएंगे। पिछले सालों में 70 साल से कम उम्र में जिन वकीलों की मौत हुई है उन वकीलों के परिवारों को आर्थिक मदद के तौर पर पांच ?5 लाख देने की स्वीकृति प्रदान की गई है। ऐसे 280 अधिवक्ताओं की सूची पर अंतिम मुहर लग गई है। महाधिवक्ता कैंप कार्यालय में इस मामले को लेकर हुई बैठक की अध्यक्षता महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्रा ने की। इस बैठक में समिति के सदस्य बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ बार काउंसिल सदस्य जानकी शरण पांडे एवं प्रदीप कुमार सिंह की उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि वकीलों के परिवारों के कुल 400 आवेदन प्राप्त हुए हैं इनमें 280 परिवारों की अर्जी मंजूर की गई है। शेष पर अगले बैठक में विचार किया जाएगा। राज्य सरकार की योजना के तहत 70 साल से कम आयु के अधिवक्ताओं की मौत पर परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए दिए जाते हैं। जिस पर विचार करने के लिए समिति की बैठक बुलाई गई थी।

## कांग्रेस के इलाहाबाद लोकसभा के अंतर्गत नैनी कार्यालय का उदघाटन

प्रयागराज । इलाहाबाद 52 लोकसभा में शहर दक्षिणी के अंतर्गत नैनी कार्यालय का उदघाटन सम्पन्न हुआ। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र अंशुमन ने फीता काटकर कार्यालय का उदघाटन किया। जिसमें इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह उपस्थित रहे। उद्घाटन के तत्पश्चात बैठक को संबोधित करते हुए प्रदीप कुमार मिश्र अंशुमन ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र बचाने का चुनाव है, यह चुनाव जनता बनाम मोदी का चुनाव हैं। देश में फिरकापरस्त ताकते हावी हो गई हैं जिसको इस बार 2024 के चुनाव में जड़ से उखाड़ फेकना है।

इस उद्घाटन समारोह में कई महिलाओं ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की और जुलूस के साथ पैदल मार्च एवम जनसंपर्क किया।

इस जनसंपर्क अभियान में प्रमुख रूप से नयन कुशवाहा, विवेक पांडेय,लल्लन पटेल, अंजुम नाज़,आभा गुप्ता, प्रदीप वर्मा, शिव शंकर मिश्रा, वीरेंद्र शर्मा ,शत्रुघ्न भारतीय, अशोक सोनी, बृजेंद्र निषाद, उषा गौड़ ,मुन्ना जाफरी, उर्मिला आदिवासी, नागेश भारतीय आदि लोग उपस्थित रहे।

## चार इंच जमीन के लिये भाई की हत्या

देवरिया, उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के तरकुलवा क्षेत्र में मंगलवार को चार इंच के जमीन विवाद में दो सगे भाईयों के संघर्ष में एक की मौत हो गई तथा इस घटना में मृतक की पत्नी घायल है। सदर क्षेत्राधिकारी रेड्डी ने बताया कि तरकुलवा क्षेत्र के पोखरभिंडा में चार इंच के जमीन विवाद में दो भाईयों में संघर्ष हो गया। एक भाई ईट की दिवाल चलवा रहा था कि इसी बीच दूसरे भाई ने दिवाल निर्माण पर अपनी आपत्ति कर काम को रूकवाने का प्रयास कर रहा था। इसी बात को लेकर दोनों भाईयों में खूनी संघर्ष हो गया। जिसमें मुमताज(52) की उसके सगे छोटे भाई ने लाठी डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर मौके से फरार हो गया।इस घटना में मृतक की पत्नी लैला खातून भी चोट लगने से घायल हैं। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि मृतक के शरीर पर कोई जाहिरा चोट के निशान प्रथम द्दष्टया नहीं मिले हैं। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। इस मामले में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## 100 रुपये के लिये हत्या ,पिता पुत्र गिरफ्तार

अमरोहा, उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में 100 रुपए के लिए मज़दूर की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र को गिरफ़्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मज़दूर की हत्या की घटना सोमवार देर रात की है। पुलिस ने देर रात में ही मुकदमा दर्ज होने के बाद अगले दिन यानी मंगलवार को आरोपी पिता-पुत्र अमरसिंह तथा संजय समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होने बताया कि थाना डिडौली क्षेत्र के गांव ड्योटी उर्फ़ हादीपुर में उधार के सौ रुपये को लेकर हुए विवाद में श्रमिक की पीटकर कर हत्या कर दी गई। डिडौली क्षेत्र के गांव में थान सिंह का परिवार रहता है। परिवार में पांच बेटों में सबसे बड़ा बेटा वीरेंद्र सिंह (35) मज़दूरी करके परिवार की गुज़र बसर करता था।

आरोप है कि कुछ दिन पहले मृतक वीरेंद्र ने गांव वाजिदपुर बड़ा निवासी अमरसिंह से उधार 100 रुपये लिए थे।हाल ही में इसी बात को लेकर आरोपी के साथ विवाद हुआ था। सोमवार देर रात मृतक को घर जाते समय रास्ते में अमरसिंह के बेटे संजय ने ईंट से हमला बोल दिया। मारपीट के दौरान सिर में चोट लगने से वीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया।इस दौरान लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। परिजनों ने वीरेंद्र को घायलावस्था में निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने वीरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सदर) अरुण कुमार ने बताया कि मृतक के भाई सुनील कुमार की तहरीर पर थाना पुलिस ने सोमवार रात में ही मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। दो आरोपियों को गिरफ़्तार कर लिया गया है।

## ड्यूटी से नदारत पीठासीन अधिकारी निलंबित

इटावा, उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में मैनपुरी संसदीय सीट के चुनाव में जसवंतनगर विधानसभा में तैनात एक पीठासीन अधिकारी को ड्यूटी से नदारद रहने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.राजेश कुमार ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। कुमार ने बताया कि सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय आनेपुर विकासखंड महेवा जितेन्द्र दुबे को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत लोकसभा मैनपुरी की विधान सभा जसवन्तनगर में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट इटावा ने पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था, जिसके कम में 6 मई को पोलिंग पार्टियों की रवानगी होना निश्चित था, जिसमें सहायक अध्यापक जितेन्द्र दुबे अनुपस्थित रहे ।

इस बाबत सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं अन्य उच्चाधिकारियों के द्वारा उनके मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क किया गया, परन्तु उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

# मोदी के पास पहले ही था चार सौ का समर्थन

धार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की ओर से भारतीय जनता पार्टी के 400 पार के नारों पर सवाल उठाने वालों को जवाब देते हुए आज कहा कि विपक्ष 400 पार के संदर्भ में अफवाहें फैला रहा है और भाजपा के पास तो एनडीए प्लस के तौर पर 400 का समर्थन पहले से ही था। मोदी मध्य प्रदेश के धार जिले में धार संसदीय क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव के पहले चरण में विपक्ष पस्त पड़ा। दूसरे में ध्वस्त हुआ। आज तीसरे चरण के बाद उन्हें जो छोटे-छोटे तारे दिखाई भी दे रहे होंगे, वो भी अस्त होना तय हो जाएगा। पूरे देश ने %फिर एक बार मोदी सरकार% ठान लिया है।

डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली इंदौर जिले के महू से कुछ दूर स्थित धार में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि अगर बाबा साहब अंबेडकर का संविधान नहीं होता तो मोदी यहां नहीं होता। आज भी एक ही परिवार का राज चल रहा



होता। संविधान की ताकत है कि नामदार को हटा कर देश के एक कामदार को कुर्सी पर बैठा दिया। यही वजह है कि कांग्रेस डॉ अंबेडकर से नफरत करती है। उन्होंने कहा कि इसी नफरत में कांग्रेस ने एक और चाल चली है। वो चाहती है कि संविधान बनाने का श्रेय डॉ अंबेडकर को ना मिले, इसलिए कांग्रेस ने कहना शुरु कर दिया है कि अंबेडकर का योगदान कम था, संविधान बनाने में सबसे बड़ी भूमिका उनके चाचा नेहरू की थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि परिवारवादियों ने पहले इतिहास तोड़ा मरोड़ा, आजादी के महान सपूतों को भुला दिया और खुद का महिमामंडन करने के लिए झूठा इतिहास लिखा और अब संविधान को लेकर झूठ गढ़ रहे हैं। सच ये है कि कांग्रेस का ये परिवार अंबेडकर से नफरत करता है।

# विनाश काले, विपरीत बुद्धि :योगी

सीतापुर, बहराइच। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को सीतापुर व बहराइच जनपद में रहे। उन्होंने मिश्रिख से अशोक रावत, सीतापुर से राजेश वर्मा और बहराइच लोकसभा सीट से डॉ. आनंद कुमार गोंड को कमल के फूल पर विजयश्री दिलाने का संकल्प दिलाया। सीएम योगी मंगलवार को सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव के बयान पर काफी बिफरे रहे। उन्होंने सीतापुर के विकास में भाजपा सरकार के योगदान को गिनाया तो आतंकवादियों की समर्थक सपा को आड़े हाथ भी लिया।

उन्होंने मिश्रिख में कहा कि भारत की सनातन संस्कृति को गाली देना, देश की सत्ता को चुनौती देना, प्रभु राम और कृष्ण के अस्तित्व को चुनौती देना आजकल विपक्षी नेताओं के लिए फैशन सा बन गया है। जब विनाश काले विपरीत बुद्धि होती है तो लोग ऐसा ही करते हैं। उन्हें मालूम होना चाहिये कि ये धरती ऋषियों




और सनातनियों की है। वह केवल यज्ञ हवन तक ही सीमित नहीं थे, बल्कि विपत्ति आने पर राक्षसों का नरसंहार भी करते थे। जब कोई रामद्रोही राम के अस्तित्व को नकारने का प्रयास करता है तो नैमिष सामने आ खड़ा होता है। वह अपने शास्त्रीय प्रमाण से प्रभु राम और कृष्ण के अस्तित्व को प्रकट करता है। उन्होंने कहा कि आज अयोध्या जिस तरह से नई नजर आ रही है, वैसे ही नैमिषारण्य का भी नया स्वरुप भी सबके सामने है। यहां पर वायु सेवा और इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू होने जा रही है। यात्रियों के लिए विश्रामालय बनने वाले हैं। सीएम ने आह्वान किया कि इस बार ऐसी वोट की चोट करिये ताकि आतंकवाद और माफिया का समर्थन करने वाले हमेशा के लिए भारत की चुनाव प्रक्रिया से गायब हो जाएं। वह दोबारा चुनाव लड़ने की हिम्मत ही न कर पाएं।

योगी आदित्यनाथ ने सीतापुर में कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ने बयान दिया है कि राम मंदिर का निर्माण बेकार हुआ है। यही बयान अगर वह किसी मुसलमान के खिलाफ दिये होते तो मुसलमान बर्दाश्त नहीं करता, लेकिन आपके लिए उनके मन में जो भी आ जाए, वह बोल देंगे। जो राम-कृष्ण व आस्था का अपमान कर रहे हैं। उन्हें चुनाव में वोट की ताकत दिखाइए और औकात पर लाइए। सपा के लोग रामभक्तों पर गोली चलाते हैं और आतंकियों की आरती उतारते हैं। रामभक्तों के निधन पर खुशी मनाते हैं और माफिया की मौत पर घड़ियाली आंसू बहाते हैं। सीएम ने कहा कि देश में गरीबों को सबसे अधिक आवास व शौचालय सेवता विधानसभा और सीतापुर जनपद को मिला। सर्वाधिक किसान सम्मान निधि का लाभ सीतापुर जनपद को मिला है। जल्द ही सीतापुर में इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी।

## दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा अलर्ट और जानकारी के लिए व्हाट्सएप चैनल शुरू किया

नयी दिल्ली, दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाले लोगों को सुरक्षा अलर्ट,महत्वपूर्ण समाचार और दिल्ली पुलिस विभाग के त्वरित अपडेट की जानकारी देने के लिए मंगलवार को व्हाट्सएप चैनल की शुरुआत की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया,卐 हमारा मानना है कि यह लोगों के साथ हमारे जुड़ाव को बढ़ाएगा और महत्वपूर्ण जानकारी को समय पर और कुशल रूप से साझा करने की हमारी क्षमता में सुधार लाएगा। व्हाट्सएप चैनल पुलिस और जनता के बीच संचार की एक सीधी रेखा प्रदान करेगा, जिससे घटनाओं, सलाह और सुरक्षा सलाह पर सही समय पर अपडेट प्राप्त हो सकेगा। बयान में कहा गया कि चैनल से जुड़ने से लोगों को दिल्ली पुलिस द्वारा नियमित रूप से त्वरित अपडेट प्राप्त होंगे। बयान में कहा गया,卐हमें विश्वास है कि यह नया व्हाट्सएप चैनल लोगों के साथ हमारी साझेदारी को और मजबूत करेगा।

# रायबरेली लोकतंत्र का मजबूत पहरेदार : प्रियंका

रायबरेली । कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को कहा कि रायबरेली से उनका दिल का रिश्ता है और यह लोकसभा क्षेत्र लोकतंत्र का मज़बूत पहरेदार है।

गांधी परिवार के करीबी और पार्टी प्रत्याशी किशोरीलाल शर्मा के अमेठी संसदीय क्षेत्र में चुनाव संचालन समिति की बैठक में शिरकत करने के बाद भाई और पार्टी प्रत्याशी राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र रायबरेली लोकसभा क्षेत्र में ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक में श्रीमती वाड्रा ने कहा 卐 हम सभी में एक चीज़ समान है कि हम सब अन्याय के खिलाफ हमेशा लड़े है और इस संघर्ष का इतिहास 100 सालों से ज़्यादा का है। जनवरी 1921 में जब बाबा रामचंद्र और मदारी पासी जी के नेतृत्व में अवध का किसान आंदोलन चरम पर था, पंडित जवाहरलाल नेहरू उसमे भागीदारी के लिए आए थे, रायबरेली की ही पावन धरती पर ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ़ लड़ते हुए वो पहली बार गिरफ़्तार हुए थे। तब से इस धरती से जुड़ कर सेवा और संघर्ष का अभियान



लगातार जारी है। सेवा के सौ साल का ये सफर रायबरेली के राहुल अब आपके सहयोग और आशीर्वाद से आगे ले चलेंगे।卐

उन्होंने मोदी सरकार पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि आज देश में ब्रिटिश राज जैसे हालात व्याप्त हैं। मोदी सरकार की नीतियां गरीबों को ध्यान में रख कर नहीं बनाई जा रही बल्कि खरबपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाई गई है। अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट बताती हैं कि आज भारत में गैरबराबरी की हालत अंग्रेजों के राज से भी ख़राब है। लोकतंत्र को मजबूत करने वाले सभी संस्थान कमज़ोर किए जा रहे है। महात्मा गांधी, पंडित नेहरू ने अंग्रेज़ो के खिलाफ लड़ाई जनता के अधिकारों को मजबूत करने के लिए लड़ी थी, उन्हे क्या पता था की आजाद भारत में ऐसा भी दिन आएगा जब सरकार जनता को अधिकार विहीन करने पर अमादा हो जाएगी।उन्होने कहा कि करोड़ों लोगों की ज़िंदगी बदलने वाली आरक्षण जैसी व्यवस्था देने वाले संविधान को बदलने की कोशिश हो रही है। हमने सदा विकास को तरजीह दी है, एक विकसित और संपन्न रायबरेली का सपना देखा है। हमें जब मौका मिला, रायबरेली में हमने रोज़गार और विकास के अवसर पैदा किए लेकिन मोदी सरकार ने हमारे द्वारा शुरू की गई कई परियोजनाओं को या तो बंद कर दिया या अपने नाम से प्रचारित किया। प्रियंका गांधी ने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के महासमुद्र में डूबी भाजपा आज दुनिया की सबसे अमीर पार्टी बन गयी है। यहाँ तक पहुंचने के लिए उसने हर गलत रास्ता अपनाया है। गुजरात में जिस पुल के टूटने से सैकड़ो लोगो को जान गई, भाजपा ने उस कम्पनी से भी चंदा लिया और जानलेवा कोविडशील्ड वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से सिर्फ चंदे की लालच में पूरे देश का सौदा कर दिया। सिर्फ सत्ता में बने रहने के लिए ये किसी भी सीमा तक जाने पर उतारू है, चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के खाते सीज़ करना और जनता द्वारा चुने हुए दे मुख्यमंत्रियों को जेल भेजना इस बात की बानगी है।

## एलर्जी क्लिनिक का हुआ शुभारंभ

लखनऊ। मेदांता हॉस्पिटल ने 7 मई 2024 को विश्व अस्थमा दिवस के शुभ अवसर पर अपने अत्याधुनिक अस्थमा-एलर्जी क्लिनिक के उद्घाटन के साथ अपनी सुपर स्पेशलाइज्ड पल्मोनरी एंड स्लीप मेडिसिन सेवाओं का विस्तार किया है। इस क्लिनिक में डॉक्टरों की टीम मरीजों को उनके अस्थमा से सम्बंधित जरूरत के अनुसार इलाज प्रदान करेगी। इसके साथ-साथ अस्थमा का पूर्ण मूल्यांकन, बीमारी के बारे में मरीजों को पूरी जानकारी, परामर्श और बायोलॉजिकल ड्रग्स जैसी नई चिकित्सा पद्धतियों की आवश्यकता का भी आकलन किया जाएगा। अस्थमा-एलर्जी क्लिनिक का उद्घाटन मेदांता अस्पताल, लखनऊ के चिकित्सा निदेशक डॉ. राकेश कपूर द्वारा किया गया। पल्मोनरी और स्लीप मेडिसिन के इंचार्ज एवं एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. जुगेन्द्र सिंह ने अस्थमा से जुड़ी प्रचलित भ्रांतियों को दूर किया और अस्थमा के खिलाफ मरीजों को सशक्त बनाने में अस्थमा क्लिनिक की भूमिका के महत्व को बताया।

## हिस्ट्रीशीट आंतरिक पुलिस दस्तावेज, सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए :उच्चतम न्यायालय

नयी दिल्ली, उच्चतम न्यायालय ने %हिस्ट्री शीट% के सार्वजनिक इस्तेमाल को वैध ठहराने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को मंगलवार को रद्द कर दिया और %स्वत- संज्ञान% लेने की अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अपनी नीतियों पर फिर से विचार कर %हिस्ट्री शीट% के इस्तेमाल में संशोधन पर विचार करने का निर्देश दिया।न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने दिल्ली वक्फ बोर्ड रिश्वत मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान के मामले की सुनवाई करते हुए कहा, %हिस्ट्रीशीट एक आंतरिक पुलिस दस्तावेज है और इसे सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए।%

पीठ ने पुलिस आयुक्त को यह भी निर्देश दिया कि हिस्ट्रीशीट और उनकी सामग्री का ऑडिट करने के लिए संयुक्त आयुक्त स्तर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को नामित किया जाए, ताकि गोपनीयता बनाए रखने और ऐसे व्यक्तियों के नाम हटाने की अनिवार्यता सुनिश्चित



की जा सके, जो किशोर/बच्चे के मामले की जांच के दौरान निर्दोष पाए जाते हैं और 卐हिस्ट्रीशीटर के %संबंध% की श्रेणी से बाहर किए जाने के हकदार पाए जाते हैं। शीर्ष अदालत ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि उनके संशोधित स्थायी आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए और यह आदेश इस (अमानतुल्ला खान) मामले में भी लागू किया जाएगा। पीठ ने कहा, 卐यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि यदि कोई पुलिस अधिकारी संशोधित आदेश या निर्देश के खिलाफ काम करता पाया जाता है तो ऐसे दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी आवश्यक होगी।

आवश्यकता
joining Free
लखनऊ से प्रकाशित....
जनता कनेक्शन
पाक्षिक व दैनिक समाचार पत्र की न्यूज वेबसाइट
के लिए सभी जनपदों में जनपद,तहसील एवं थाना स्तर पर प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।
इच्छुक लोग ( महिला/पुरुष ) अपना सीवी नीचे दी गई मेल या व्हाट्सऐप पर भेज सकते है ।
ब्यूरो चीफ कमलेश वर्मा
सम्पादक ऋचा सक्सेना
E-mail: jcnews240@gmail.com contact's:0522-3192214,9454606652,9935496838
www.dailyjantaconnection.com

## सम्पादकीय

# सियासी खुदकुशी होगी

आरक्षण एक बार फिर चुनाव मैदान में है। अंतर केवल इतना है कि अबकी इसे लालू प्रसाद ने नहीं, कांग्रेस ने लाया है। इसके नेता राहुल गांधी अपनी चुनावी सभाओं में भाजपा और उसके नेता नरेन्द्र मोदी को आरक्षण मिटाने वाला गैंग कह रहे हैं।

इससे भाजपा आत्मरक्षात्मक मुद्रा में आ गई है। उसे 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में मिली चोट ताजा हो गई है। तब आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने चुनाव-बीच आरक्षण की समीक्षा की बात कर चौंका दिया था। यद्यपि संविधान में इसका जिक्र है कि 15 साल बाद इसकी समीक्षा की जाएगी और उस आधार पर हटाया भी जा सकता है, लेकिन संसद सर्वसम्मत से इसे आगे बढ़ाती रही है।

यह मान लिया गया है कि भारतीय समाज इस उन्नत दशा में नहीं पहुंचा है कि आरक्षण की समीक्षा की जाए। इसे ध्यान में रखकर ही भागवत के बयान पर सफाई दी गई और दिलाई भी गई। पर राजद नेता लालू प्रसाद ने बड़ी कुशलता से मतदाताओं का रुख बदल दिया था।

भाजपा बिहार में कमांडर होते-होते रह गई थी। इस बार भी कांग्रेस के प्रचार से ऐसे परिणाम के आसार नजर आ रहे हैं। जब 2024 के चुनाव में, नरेन्द्र मोदी की भाजपा ने 'अबकी बार 400 पार' का नारा दिया तो विपक्ष ने, इतनी सीटों को संविधान बदलने, लोकतंत्र नष्ट करने के उसकी 'हवस' से जोड़ दिया।

इसमें भाजपा के कुछेक अदूरदर्शी नेताओं के बयान-भाषणों ने भी कांग्रेस का साथ दिया। आरक्षण पर आरएसएस का शुरू से ही एक रिजर्वेशन रहा है। इसलिए जब भी ऐसी चर्चा होती है, संघ के स्थापना काल का नजरिया सामने आ जाता है। भागवत इससे इनकार करते हैं। यह सच है कि मोदी का मौजूदा मंत्रिमंडल आरक्षण के व्यवहारतः निर्वाह का सुंदर प्रमाण है।

यह स्वतंत्र भारत का ऐसा पहला मंत्रिमंडल है। खुद मोदी ओबीसी हैं। फिर भारतीय राजनीतिक चेतना के मौजूदा स्तर को देखते हुए संविधान, चुनाव या लोकतंत्र तथा आरक्षण को खारिज करने की किसी दल की हिमाकत, उसकी सियासी खुदकुशी होगी। इसके लिए कौन दल तैयार होगा? आरक्षण, संविधान और लोकतंत्र सब रहेगा। यह बिल्कुल प्रचार के लिए प्रचार की बात है। इसमें वह कांग्रेस अपरहैंड है। भाजपा सफाई तो दे रही है पर इसका प्रतिकारी विमर्श कम बना रही है। कांग्रेस के मैनिफेस्टो, उसके विज्ञापन एवं उसके नेताओं के मुद्दे भाजपा के लिए एक छटपटाहट पैदा करते हैं। एक दशक धुआंधार कार्यक्रम चलाने वाली सत्ताधारी पार्टी के पास विपक्ष को घेरने के मुद्दे में टटकापन नहीं है।

# भारत के लिए चुनौतीपूर्ण

**मुइज्जू ने सत्ता में आने के बाद चीन से मजबूत रिश्तों को तरजीह दी। वे अब तक नई दिल्ली नहीं आए हैं, बीजिंग की राजकीय यात्रा पर जाकर निवेश के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। चीन के साथ गैर-घातक हथियारों को मुफ्त में देने के साथ-साथ मालदीव के सुरक्षा बलों को प्रशिक्षित करने के लिए एक सैन्य सहायता समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। भारत और अमेरिका ने पहले मालदीव की सेना को प्रशिक्षित किया था। भारत मालदीव को हिन्द महासागर क्षेत्र में प्रमुख समुद्री भागीदार के रूप में मान्यता देता है।**

डॉ. ब्रह्मदीप अलूने

हिन्द महासागर में शक्ति संतुलन बनाए रखने के लिए बीजिंग और नई दिल्ली, दोनों मालदीव को अपने प्रभाव क्षेत्र में रखने के लिए कृतसंकल्पित रहे हैं। इसका असर मालदीव की घरेलू राजनीति पर भी देखने को मिल रहा है।

भारतीय उपमहाद्वीप के दक्षिण पश्चिम में स्थित इस द्वीपीय देश में मुइज्जू के राजनीतिक उभार से भारत की समस्याएं बढ़ रही हैं। दरअसल, मुइज्जू भारत की मालदीव में उपस्थिति को अनियंत्रित बता कर देश की सत्ता के शीर्ष पर आए हैं, और भारत विरोध की नीति के सहारे देश की संसद में पूर्ण बहुमत हासिल करने में कामयाब हो गए हैं। लेकिन अब मुइज्जू ने जिस प्रकार देश की संसद में भी बंपर बहुमत हासिल किया है, उससे लगता है कि उनके भारत विरोध और चीन परस्त नीतियों को जनता ने पसंद किया है। ऐसे में यह विचार लाजिमी है कि आखिर, मालदीव की जनता भारत जैसे विसनीय मित्र के खिलाफ जाकर चीन की कुटिल कर्जनीति में क्यों उलझना चाहती है, और इसके दूरगामी परिणाम भारत के लिए कितने चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। जनसंख्या की लिहाज से बहुत छोटे इस इस्लाम बाहुल्य देश में पिछले कुछ वर्षो में परंपरावाद को उभारने की कोशिशें राजनीतिक फायदा देने वाली साबित हुई हैं।

खाड़ी देशों में रोजगार के लिए जाने वाले मालदीव के हजारों नागरिकों की कथित धार्मिक अभिव्यक्ति को मुइज्जू ने वोट में बदलने में कामयाबी हासिल कर ली है। उन्होंने भारत से ऐतिहासिक जुड़ाव को नजरअंदाज कर बदलती परिस्थितियों में तुर्की, पाकिस्तान और सऊदी अरब की ओर रुख किया। फिलिस्तीन जैसे भावनात्मक मुद्दे को धार्मिक आधार पर उठाया तथा इस्लामिक आदर्शवाद पर आधारित नये मालदीव की परिकल्पना को राजनीतिक आधार पर जनता के सामने रखा। मुइज्जू ने संसद में संविधान में संशोधन के लिए आवश्यक दो तिहाई बहुमत हासिल कर लिया है। अर्थ यह कि वे राजनीतिक संस्थागत दृष्टिकोण से, सब कुछ नियंत्रित कर सकते हैं खासकर न्यायपालिका की शक्तियां भी प्रभावित हो सकती हैं। मालदीव में राजनीतिक उथल-पुथल का इतिहास रहा है। भारत समर्थक राजनीतिक दलों पर अंकुश लगाने के लिए मुइज्जू प्रमुख नेताओं को जेल में डाल सकते हैं।

मुइज्जू ने सत्ता में आने के बाद चीन से मजबूत रिश्तों को तरजीह दी। वे अब तक नई दिल्ली नहीं आए हैं, बीजिंग की राजकीय यात्रा पर जाकर निवेश के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। चीन के साथ गैर-घातक हथियारों को मुफ्त में देने के साथ-साथ मालदीव के सुरक्षा बलों को प्रशिक्षित करने के लिए एक सैन्य सहायता समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। भारत और अमेरिका ने पहले मालदीव की सेना को प्रशिक्षित किया था। भारत मालदीव को हिन्द महासागर क्षेत्र में प्रमुख समुद्री भागीदार के रूप में मान्यता देता है।

यह द्वीपीय राष्ट्र भौगोलिक दृष्टि से भारत और कुछ प्रमुख अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों पर नजर रखता है। भारत ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि मालदीव व्यापार, पर्यटन और शिपिंग के लिए रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण है। मालदीव रणनीतिक रूप से लक्षद्वीप द्वीप समूह से केवल सात सौ किलोमीटर और भारत की मुख्य भूमि से बारह सौ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। मालदीव में चीन का बढ़ता प्रभाव भारत से इसकी निकटता को देखते हुए महत्त्वपूर्ण सुरक्षा चिंताओं को जन्म देता है। हिन्द महासागर क्षेत्र में चीन ने तेजी से सैन्य आधुनिकीकरण किया है, इससे भारत की सामरिक और आर्थिक क्षमताओं के सामने चुनौतियां बढ़ गई हैं। हिन्द महासागर में बीजिंग के बढ़ते प्रभाव और उसकी महत्त्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड पहल में मुइज्जू की दिलचस्पी कम नहीं है। 2023 में मालदीव के राष्ट्रपति पद पर मोहम्मद मुइज्जू के चुने जाने के बाद से क्षेत्र में देश के रिश्ते बदल गए हैं। मालदीव ने चीन के साथ रक्षा समझौतों और बुनियादी ढांचे के सौदों पर हस्ताक्षर किए हैं। चीन के समुद्री अनुसंधान जहाज जियांग यांग होंग को मालदीव के बंदरगाह पर डॉक करने की अनुमति देने से चीन का प्रभाव और भी पुष्ट होता है। जनवरी में जब मुइज्जू ने चीन का दौरा किया था, इसके चौबीस घंटे के बाद चीन के इस जहाज ने अपनी यात्रा की शुरुआत की थी। संभवतः मुइज्जू इसके जरिए भारत को यह संदेश भी दे देना चाहते थे कि वे चीन से रिश्तों को लेकर कोई समझौतावादी रुख नहीं अपनाएंगे। बारह सौ द्वीपों की श्रृंखला से बने मालदीव के अधिकांश द्वीप निर्जन हैं। मालदीव लंबे समय से भारत के प्रभाव क्षेत्र में रहा है। वहां अपनी मौजूदगी बनाए रखने से दिल्ली को हिन्द महासागर के एक प्रमुख हिस्से पर नजर रखने की क्षमता मिलती है। मुइज्जू को देश में चीन के हितों के समर्थक के रूप में देखा जाता है। भारत और चीन, दोनों रणनीतिक रूप से स्थित द्वीपों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं, जो व्यस्त पूर्व पश्चिम शिपिंग लेन में फैले हुए हैं। चीन, अपनी तेजी से बढ़ती नौसेना के साथ, रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण स्थान तक पहुंच तथा भारत को रोकना चाहता है। दिल्ली और बीजिंग, दोनों ने मालदीव को बुनियादी ढांचे और विकास परियोजनाओं के लिए ऋण और अनुदान के रूप में करोड़ों डॉलर दिए हैं। मुइज्जू अब चीन पर निर्भरता बढ़ा रहे हैं, और यह भारत के लिए चुनौतीपूर्ण बन रहा है।

भारत को हिन्द महासागर के अहम साझेदार मालदीव के साथ राजनीतिक गतिरोध को दूर करने की कोशिशें करते रहना होगा। आर्थिक और सुरक्षा सहयोग पर ध्यान केंद्रित करने को प्राथमिकता देनी होगी। जापान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों जैसे प्रमुख सुरक्षा भागीदारों के साथ भी रक्षा सहयोग को मजबूत करना होगा जिससे चीन को इस क्षेत्र में निर्णायक रणनीतिक बढ़त लेने से रोका जा सके। चीन मालदीव जैसे छोटे से देश की भारत पर सैन्य निर्भरता कम करने के लिए उसकी सैन्य क्षमताओं का विकास कर रहा है, इससे मालदीव की सेना मजबूत होगी और इसके राजनीतिक दुरुपयोग की आशंकाएं भी बढ़ सकती हैं। मुइज्जू चीन के उस सामरिक चक्रव्यूह को रचने में मददगार बन रहे हैं, जिसके अनुसार चीन मालदीव में नौसैनिक अड्डा बना कर समुद्री सीमा पर भारत को रणनीतिक रूप से घेर ले जिससे हिमालय की सीमा पर भारत पर सैन्य दबाव बढ़ सके।

## यूपी बोर्ड में इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट के लिए आवेदन शुरू

प्रयागराज। माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) का परिणाम जारी करने के बाद मंगलवार से इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट के लिए आवेदन लिए जाने लगे। इसके आवेदन यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर 31 मई तक लिए जाएंगे। इसके ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा शुल्क चालान के माध्यम से कोषागार में जमा करवाना होगा। यूपी बोर्ड का परिणाम 20 अप्रैल को जारी कर दिया गया था। उसके बाद अब इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट के लिए आवेदन लिए जाएंगे। यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि इंप्रूवमेट के अंतर्गत हाईस्कूल के परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुए एक विषय में आवेदन कर सकते हैं। कंपार्टमेंट के अंतर्गत परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण हुए दो विषयों में एक विषय की परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इसके लिए उन्हें 256.50 रुपये शुल्क चालान के रूप में जमा करना होगा। इंटरमीडिएट परीक्षा में मानविकी, विज्ञान एवं वाणिज्य वर्ग में सम्मिलित परीक्षार्थी किसी एक विषय में अनुत्तीर्ण होने पर आवेदन कर सकते हैं कृषि भाग एक एवं दो के निर्धारित विषयों में से किसी एक प्रश्न पत्र में या व्यावसायिक वर्ग के ट्रेड विषय के किसी एक प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी कंपार्टमेंट परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इंटरमीडिएट का परीक्षा शुल्क 306 रुपये है। उन्होंने बताया कि परीक्षा शुल्क चालान के माध्यम से कोषागार में जमा करने के बाद आवेदन की प्रति वेबसाइट से डाउनलोड करके यूपी बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में डाक के माध्यम से जमा करवाना होगा। इसकी परीक्षा की तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

## वारण्टी अभियुक्त सहित तीन गिरफ्तार

प्रयागराज। थाना शंकरगढ़ पुलिस द्वारा न्यायालय इलाहाबाद द्वारा निर्गत वारण्ट एसटी से संबन्धित खनिज अधिनियम व 3, 4 सार्व0सं0नु0नि0 अधि0 के वारण्टी अभियुक्त गोरे लाल आदिवासी पुत्र जमुनाप्रसाद निवासी मवैया पहलवान थाना शंकरगढ़ प्रयागराज को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। वहीं थाना झूंसी पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त प्रभात कुमार यादव पुत्र रज्जन यादव निवासी छतनाग थाना झूंसी जनपद प्रयागराज को समुद्र कूप जाने वाले रास्ते पर पुलिया के पास बहद पुरानी झूंसी थाना क्षेत्र झूंसी से गिरफ्तार कर कब्जे से 1 अवैध तमंचा .315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया। उक्त बरामदगी, गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-178, 2024 धारा-3, 25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार से थाना झूंसी पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त प्रभात कुमार यादव पुत्र रज्जन यादव निवासी छतनाग थाना झूंसी जनपद प्रयागराज को समुद्र कूप जाने वाले रास्ते पर पुलिया के पास बहद पुरानी झूंसी थाना क्षेत्र झूंसी से गिरफ्तार कर कब्जे से 1 अवैध तमंचा 315 बोर व 1 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया। उक्त बरामदगी, गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-178, 2024 धारा-3,25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

# गर्मी बढ़ने के साथ पेयजल को परेशान तीन लाख की आबादी

**- जल संस्थान को 26 एमएलडी पानी की जरूरत, मिल रहा कुल 23 एमलडी पानी - इंटेकवेलों को पानी मिलने में दिक्कत, ओवरहेड टेंक नहीं भर पा रहे**

### शहर के जल संस्थान के 24 नलकूप

बांदा। शहर के विभिन्न इलाकों में पेयजल आपूर्ति की सप्लाई करने के लिए जल संस्थान के कुल 24 नलकूप हैं। इन सभी नकूलकूपों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति का पानी पहुंचाया जाता है। मालुम हो कि तिंदवारी, अतर्रा, नरैनी रोड और जमालपुर कनवारा रोड पर जल संस्थान के नलकूप स्थित हैं। इन नलकूपों के माध्यम से शहर के विभिन्न मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति का पानी पहुंचाया जाता है। लेकिन जल संस्थान को पर्याप्त पानी न मिल पाने की वजह से यह व्यवस्था लड़खड़ाती हुई नजर आ रही है।

### बांबेश्वर और भूरागढ़ में दो ट्रीटमेंट प्लांट

बांदा। जल संस्थान के पास तीन इंटेकवेल हैं। इनमें से एक बांबेश्वर पर्वत पर स्थित है। वहां से छोटी बाजार बस्ती और अन्य इलाकों के लिए ओवरहेड टैंक के जरिए पेयजल आपूर्ति की जाती है। जबकि भूरागढ़ में दो ट्रीटमेंट प्लांट स्थित हैं। एक साढ़े सात एमएलडी और दूसरा 10 एमएलडी क्षमता का है। इस ट्रीटमेंट प्लांट की परिधि में कृषि विश्वविद्यालय भी शामिल है। यहां से आवास विकास, इंदिरा नगर और अन्य इलाकों को पेयजल आपूर्ति की जाती है। गर्मी के इन दिनों में जल संस्थान को केन नदी से पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। इसकी वजह से पेयजल आपूर्ति का पानी विभिन्न इलाकों में नहीं पहुंच पा रहा है।

### 40 मिनट भी पेयजल आपूर्ति मुमकिन नहीं हो पा रही

बांदा। मई माह के पहले पखवारे में ही पानी के लिए हायतौबा मचने लगी है। केन नदी से इंटेकवेल के माध्यम से जल संस्थान प्रतिदिन 23 एमएलडी पानी ही मिल पा रहा है। जबकि शहर में बेहतर पेयजल आपूर्ति करने के लिए 26 एमएलडी पानी की आवश्यकता है। गर्मी के दिनों में केन नदी का जल स्तर कम होने की वजह से अब जल संस्थान शहर को 40 मिनट भी ठीक तरह से पानी की आपूर्ति कर पाने में नाकाम साबित हो रहा है।




### इंदिरा नगर और जेल रोड में बने हैं ओवरहेड टैंक

बांदा। जल संस्थान अपने इंटेकवेलों के माध्यम से शहर के दो ओवरहेड टैंकों में पानी भरता है। एक ओवरहेड टैंक इंदिरा नगर और दूउसरा जेल रोड में बताया गया। सूत्रों की मानें तो केन नदी के कम पानी मिल पाने की वजह से ओवरहेड टैंक पूरी तरह से नहीं भर पा रहे हैं। अब जब ओवरहेड टैंकों में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होगा तो फिर शहर को पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति मुमकिन कैसे होगी।

बांदा। साढ़े तीन लाख शहरी बाशिंदों को जल संस्थान पानी नहीं पिला पा रहा है। दरअसल अल संस्थान को इन दिनों 26 एमलडी पानी की जरूरत है, लेकिन उसे इंटेकवेलों के जरिए महज 23 एमएलडी ही पानी उपलब्ध हो पा रहा है। मसलन इंटेकवेलों से शहर के ओवरहेड टैंक कम ही भर पा रहे हैं, इसकी वजह से शहर के विभिन्न इलाकों में रहने वाले बाशिंदों को पेयजल आपूर्ति का पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। हालात लगातार बदतर होते जा रहे हैं और जल संस्थान के अधिकारी इस ओर से बेपरवाह बने हुए हैं। जल संस्थान के अधिकारियों की मानें तो शहर में रहने वाली तकरीबन साढ़े तीन लाख की आबादी को प्रतिदिन पानी उपलब्ध कराया जाता है। उसका दावा है कि शहर का ऐसा कोई भी इलाका नहीं है, जहां पर पाइप लाइन बिछाई गई है और वहां पानी न पहुंच रहा हो। लेकिन गर्मी के इन दिनों में धरातल पर हकीकत जल संस्थान के दावों के ठीक उलट है। शहर की आबादी को पेयजल आपूर्ति का भरपूर पानी उपलब्ध कराने के लिए प्रतिदिन 26 एमएलडी पानी की आवश्यकता है, लेकिन जल संस्थान अपने दो इंटेकवेलों के माध्यम से महज 23 एमएलडी पानी ही प्राप्त कर पा रहा है। ऐसी स्थिति में पेयजल आपूर्ति लड़खड़ा रही है और शहर के विभिन्न इलाकों में पेयजल आपूर्ति का पानी लोगों के घरों तक नहीं पहुंच पा रहा है। सूत्रों की मानें तो जल संस्थान को 23 एमएलडी पानी प्राप्त करने में ही नाकों चने चबाने पड़ रहे हैं।

# हम सभी मतदान करें फिर घर पर जलपान करें : शंकर जी सिंह




**- परिवहन विभाग ने विशाल ई-रिक्शा मतदाता जन जागरूकता रैली निकाली**

बांदा। परिवहन विभाग के एआ टीओ शंकर जी सिंह द्वारा 20 मई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की गई। वहीं लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत जनपद बाँदा में 20 मई को मतदान होना निर्धारित है। शासन/प्रशासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी/निर्वाचन अधिकारी बांदा श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल के द्वारा किए जा रहे अधिक से अधिक संख्या में मतदान के प्रयासों के तहत उक्त निर्वाचन में मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या मतदान करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग बाँदा द्वारा बाबूलाल चौराहा से पीली कोठी होते हुए महाराणा प्रताप चौराहा से कालू कुंआ चौराहा तक विशाल ई-रिक्शा रैली का आयोजन कर आम जनमानस को निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक किया गया।

उक्त मतदाता जागरूकता रैली में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बाँदा शंकर जी सिंह, यात्री कर अधिकरी बाँदा रामसुमेर यादव,राजीव प्रताप सिंह क्षेत्राधिकारी नगर,यातायात निरीक्षक राजेश कुमार वर्मा ,परिवहन विभाग,यातायात पुलिस के कर्मचारीगण सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 20 रन से हराया

नयी दिल्ली (वार्ता)। अभिषेक पारेल (65) और जैक फ्रेजर-मक्गर्क (50) रनों की बेहतरीन पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 56वें मुकाबले में राजस्थान रायल्स को 20 रन से हराकर अपनी छठीं जीत दर्ज करते हुए प्ले ऑफ की उम्मीद जिंदा रखा। 222 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में यशस्वी जयसवाल (4) का विकेट गवां दिया। छठे ओवर में अक्षर ने जॉस बटलर को (19) को आउट कर राजस्थान को दूसरा झटका दिया। रियान पराग 22 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुये। संजू सैमसन ने 46 गेंदों में आठ चौके और छह छक्के लगाते हुए सर्वाधिक (86) रनों की पारी खेली। उन्हें मुकेश ने होप के हाथों कैच आउट कराया। शिवम दूबे (25), डॉवोन फरेरा (1) रवि अश्विन (2) रन बनाकर आउट हुये। जब तक संजू सैमसन और शिवम दूबे की जोड़ी मैदान पर थी लग रहा था कि राजस्थान यह मुकाबला आसानी से जीत लेगा। लेकिन दिल्ली के गेंदबाजों ने वापसी करते हुए इस जोड़ी को धराशायी कर राजस्थान की उम्मीदों को तोड़ा दिया। रोवमन पॉवेल 13 और ट्रेंट बोल्ट एक रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 201




रन ही बना सकी और मुकाबला 20 रन से हार गई। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खलील अहमद, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट लिये। अक्षर पटेल और रसिख सलाम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले अभिषेक पारेल (65) और जैक फ्रेजर-मक्गर्क (50) रनों की बेहतरीन पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 222 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की जैक फ्रेजर और अभिषेक पारेल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए (60) रन जोड़े। पांचवें ओवर में आर अश्वनि ने जैक फ्रेजर को फरेरा के हाथों कैच आउट कराया। जैक फ्रेजर ने 20 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए (50) रन बनाये। शो होप एक रन बनाकर रनआउट हुये। 10वें ओवर में अश्विन ने अक्षर पटेल (15) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अभिषेक पारेल ने 36 गेंदों में सात चौके और तीन छक्कों की मदद से सर्वाधिक (65) रन बनाये। उन्हें अश्विन ने संदीप के हाथों कैच आउट कराया। कप्तान रिषभ पंत ने 13 गेंदों में 15 रन बनाये। उन्हें चहल ने बोल्ट के हाथों कैच आउट कराया। 14वें ओवर में गुलबदीन नईब 15 गेंदों में 19 रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स ने 19 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुये (41)रनों की पारी खेली। रासिख सलाम (9) रन बनाकर आखिरी गेंद पर रनआउट हुये। कुलदीप यादव (5) रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 221 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स की ओर से रवि अश्विन ने तीन विकेट लिये। ट्रेंट बोल्ट, संदीप शर्मा और यजुवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# सभी प्रत्याशियों को समान अवसर प्रदान किया जायेगा : डीएम

बांदा। भारत निर्वाचन आयोग से आए सामान्य प्रेक्षक श्रीमती वी0 कलाईराशि, पुलिस प्रेक्षक जॉय विश्वास तथा व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु लोकसभा निर्वाचन के प्रत्याशियों, उनके प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्टेªट के महर्षि बामदेव सभागार में संपन्न हुई। बैठक में प्रेक्षकगणों ने राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों, प्रतिनिधियों को बताया कि आदर्श आचार संहिता का भलीभांति अध्ययन कर अनुपालन करने तथा किसी प्रकार की निर्वाचन सम्बन्धी शिकायत, समस्या होने पर सी-विजिल ऐप पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार से मतदाताओं को किसी प्रकार का प्रलोभन हेतु किसी प्रकार की सामग्री का वितरण न करें। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी उनके मोबाइल नम्बर पर भी शिकायत से तथा सर्किट हाउस में 10 से 11 बजे तक मिलकर अवगत करा सकते हैं। व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन व्यय के सम्बन्ध में प्रत्याशियों को नामांकन के एक दिन पूर्व से अलग खाता खोलकर सभी व्यय का रजिस्टर एवं विवरण तैयार करने के निर्देश दिये।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने राजनैतिकदलों के सभी प्रत्याशियों से कहा कि सभी प्रत्याशियों को समान अवसर प्रदान किया जायेगा और सभी के साथ एकरूपता से कार्य किया जा रहा है।

सभी आदर्श आचार संहिता का कडाई से अनुपालन करें, यदि कोई इसका उल्लघन करता है तो कार्यवाही की जायेगी। निर्वाचन सम्बन्धी आवश्यक कार्यों में शामिल होकर देख सकते हैं। विभन्न निर्वाचन सम्बन्धी सुविधाओं की अनुमति हेतु सुविधा ऐप में आवेदन कर सकते हैं तथा किसी भी निर्वाचन सम्बन्धी शिकायत को सी-विजिल में दर्ज करा सकते हैं, जिसका तत्काल संज्ञान लेकर शिकायत का निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने जनपद में मतदान प्रतिशत को भी 85 प्रतिशत तक ले जाने हेतु मतदाताओं में जागरूकता लायें। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अंकुर अग्रवाल ने बताया कि निर्वाचन को शान्तिपूर्वक एवं कुशलता से सम्पन्न कराने के लिए सभी दलों के प्रत्याशी एवं प्रतिनिधि संयम बरतें। जनसभा, रैली, रोड शो आदि की अनुमति प्राप्त कर ही शान्तिपूर्वक एवं सुरक्षित रूप से आयोजित की जायें।

किसी वर्ग, जाति, धर्म, सम्प्रदाय के सम्बन्ध में भडकाऊ भाषण आदि न करें। रात्रि 10 बजे के बाद व सुबह 6 बजे तक किसी प्रकार के लाउड स्पीकर का प्रयोग नही किया जायेगा। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की फर्जी पोस्ट को फॉरवर्ड न करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 श्री राजेश कुमार ने बताया कि रोड शो में अनुमति के बाद ही दस वाहन से अधिक एक साथ वाहन नही चल सकते हैं। वाहन में बैनर व हूटर आदि का प्रयोग नही किया जायेगा। एलईडी वैन से प्रचार-प्रसार करने की अनुमति मुख्य निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त करनी होगी एवं उसके कन्टेंट की अनुमति एमसीएमसी से लेना होगा। मतदान दिवस से पूर्व दिनांक 18 मई, 2024 की सायंकाल 6 बजे के बाद चुनाव प्रचार नही किया जा सकेगा। 10 मई, 2024 से मण्डी समिति में ईवीएम की कमीशनिंग का कार्य किया जायेगा, जिसमें प्रत्याशी एवं उनके एजेन्ट प्रतिभाग कर सकते हैं। दिव्यांग मतदाताओं के घर से वोट की सुविधा को भी प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधि देख सकते हैं। निर्वाचन व्यय से सम्बन्धित कार्यों का लेख-जोखा 09 मई, 14 मई तथा 18 मई, 2024 को कलेक्टेªट में व्यय प्रेक्षक की देखरेख में किया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक/प्रभारी अधिकारी एमसीसी अमिताभ यादव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे/प्रभारी अधिकारी एमसीएमसी मनोज कुमार श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा, मुख्य कोषाधिकारी श्री विनोद कुमार सहित विभिन्न प्रत्याशी/प्रतिनिधि तथा सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# किसान को बर्बाद करने पर तुली हुई है भाजपा की मोदी सरकार : अविनाश

बांदा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने आज इंडिया गठबंधन की समन्वय बैठक के क्रम में 44 वीं लोकसभा क्षेत्र बांदा पहुंचकर कांग्रेस और सपा व आप पार्टी एवम अन्य गठबंधन के सहयोगी राजनैतिक दलों के कार्यकर्ताओं की बैठक कर इंडिया गठबन्धन प्रत्याशी को जिताने की अपील की और मोदी सरकार पर किसानों को बर्बाद करने व नौजवानों को नौकरी न दे पाने का आरोप लगाया और कहा कि 2024 में जनता भाजपा को सत्ता से बाहर कर कांग्रेस इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने जा रही है, अविनाश पांडे ने समन्वय बैठक में जननेता राहुल गांधी के संदेश को भी नेताओं कार्यकर्ताओं को बताया और 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी से सामूहिक रुप से जुटकर इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी को जिताने की अपील की राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा देश के लोकतंत्र को बचाने व देश की एकता भाईचारा के लिए 4000 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा और 6700 किलोमीटर की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उद्देश्य लोकतंत को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए दिन रात जुटकर जिताने का भी संदेश दिया,उत्तर प्रदेश प्रभारी श्री अविनाश पांडे ने समन्वय बैठक में कहा कि यह चुनाव देश के संविधान, जनता का अधिकार, वंचितों का आरक्षण और बच्चों का भविष्य बचाने का चुनाव है। भाजपा में सिर्फएक दो उद्योगपति के लिए काम किया गया, आपको समय से सरकार कुछ भी नही दे पाई, मोदी को युवाओं के रोजगार की चिंता नहीं है, जनता भाजपा का काला सच जान चुकी है और बीजेपी को हराने को तैयार बैठी है आप सब जनता के मूड को समझे और चुनाव में जुट जाएं। श्री पाण्डेय ने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी की सरकार में किसानों के खिलाफ तीन काले क्रूर कृषि कानून लाये गये थे, उन काले कानूनों के विरोध में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं पूर्व अध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व मे विरोध किया गया जिस पर भाजपा सरकार को उन काले कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा। हमने एक बार फिर वादा किया है कि 2024 में कांग्रेस इंडिया गठबंधन सरकार बनते ही किसानो का कर्ज माफ किया जायेगा, श्री पांडे ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही ''अग्निवीर योजना'' को तुरंत रद्द किया जायेगा और पुरानी स्थायी भर्ती प्रक्रिया फिर से लागू करायेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल रॉय,प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, पूर्व जिलाध्यक्ष साकेत बिहारी मिश्रा आम आदमी पार्टी से अवधेश गुप्ता जन अधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष हनुमान राजपूत एवं समाजवादी पार्टी कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा के नेताओं की हर बात झूठी निकली : अखिलेश यादव

जनता कनेक्शन

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज इटावा लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जितेन्द्र दोहरे, अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी राजाराम पाल तथा उन्नाव लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी अन्नू टण्डन के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा के खिलाफ जमकर मतदान कर रही है। हार सामने देख भाजपा के लोग बौखला गये हैं। किसान, नौजवान, मजदूर और आम जनता भाजपा को सबक सिखा रहे है। पहले दो चरणों में भाजपा का सफाया हो चुका है। तीसरा चरण समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन का रहा है। इसमें भाजपा का खाता नहीं खुलेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा है, भाजपा की गर्मी नीचे आ रही है। जो लोग हवा में उड़ रहे थे, जनता ने उन्हें जमीन दिखा दिया है। भाजपा ने जनता से झूठे वादे किए। दस सालों से झूठ बोला। किसानों, नौजवानों, महिलाओं सभी से विश्वासघात किया। भाजपा के नेताओं की हर बात झूठी निकली। इनके हर फैसले ने देश को संकट में डाला। खोखले नारे देकर जनता का शोषण किया। भाजपा सरकार किसानों की जमीन और फसल छीन कर उद्योगपतियों को देना चाहती थी। इसीलिए तीन काले कृषि कानून लेकर आयी थी। हमारे बहादुर किसानों ने काले कानूनों के खिलाफ आंदोलन किया।कहा कि इस सरकार ने किसान आंदोलन को कुचलने के लिए हर हथकंडा अपनाया। आंदोलन में एक हजार किसान शहीद हो गये। भाजपा ने किसानों को अपमानित किया। सड़कों पर कील लगवा दिया, दीवार खड़ी करा दी। ट्रैक्टरों को डीजल नहीं दिया लेकिन हमारे किसान संघर्ष करते रहे। किसानों के संघर्ष और एकजुटता का नतीजा रहा है कि भाजपा सरकार को तीनों काले कानून वापस लेने पड़े।अखिलेश यादव ने कहा कि जबसे



भाजपा सरकार आयी है तबसे महंगाई और कर्ज से एक लाख से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या कर ली। भाजपा सरकार ने डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के साथ-साथ हर चीज के दाम बढ़ा कर महंगाई को चरम पर पहुंचा दिया। खाद की बोरी से 5-5 किलो खाद निकाल लिया। किसानों को अब बोरी की खाद कम मिलती है। इस सरकार ने उद्योगपतियों का तो 16 लाख करोड़ रूपये का कर्ज माफ कर दिया लेकिन किसानों का कर्ज नहीं माफ किया।

किसान कर्ज से दबा हुआ है। भाजपा सरकार दस साल तक अपने उद्योगपति मित्रों को लाभ पहुंचाती रही। तमाम तरह के टैक्स बढ़ाकर किसानों और आम जनता को लूटती रही। जो मोटर साइकिल 10 साल पहले 50 हजार रूपये की थी आज दोगुनी हो गई। मंडी में तब चाय एक रूपये की थी अब चाय कितने रूपये की है सबको पता है। कहा कि इस सरकार ने नौजवानों के साथ बहुत बड़ा छल किया है। नौजवान भर्ती परीक्षा के लिए मेहनत से पढ़ाई करता रहा। परिवार की गाढ़ी कमाई पढ़ाई पर खर्च करता रहा लेकिन भाजपा सरकार ने नौकरियाँ नहीं निकाली। जो कुछ भर्तियां निकली थी उनके पेपर लीक करा दिए। भाजपा सरकार में दस भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए। इस सरकार ने लाखों नौजवानों का भविष्य बर्बाद किया है। इसी तरह से फौज की नौकरी को अग्निवीर करके चार साल की कर दी। चार साल बाद ये अग्निवीर नौजवान क्या करेंगे? अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान को कमजोर कर रही है। यह सरकार बाबा साहब के संविधान को बदल कर जनता के अधिकार और पिछड़ों, दलितों के आरक्षण को खत्म करना चाहती है। भाजपा के तमाम नेता संविधान बदलने की बातें कर रहे है। देश की जनता को सावधान रहना होगा। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए भाजपा को सत्ता से हटाना है। भाजपा सरकार ने अपने फैसलों से देश को जनता को संकट में डाला है। कहा कि पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, महिलाओं को नुकसान पहुंचाया है। क्या किसी को पता था भाजपा सरकार नोटबंदी करेगी? क्या किसी को पता था कि किसानों के खिलाफ तीन काले कृषि कानून लाएगी? क्या किसी को पता था कि सार्वजनिक संस्थाओं को निजी हाथों में बेच देगी? क्या किसी को पता था कि भाजपा सरकार रेलवे, हवाई अड्डा, पोर्ट सब कुछ बेच देगी? क्या किसी को पता था कि लेटरल इंट्री के द्वारा अपने चहेतों की बड़े पदों पर भर्ती करके पिछड़े, दलितों को आरक्षण छीन लेगी? लेटरल एंट्री के द्वारा नौकरी पाने वाले लोग तीन साल नौकरी कर विदेश भाग गये। इसी तरह से भाजपा आरक्षण बदलना चाहता है। संविधान बदलता तो अधिकार छिन जायेगा, आरक्षण और नौकरी छीन लेंगे।अखिलेश यादव ने कहा कि दूसरों को भ्रष्टाचारी कहने वाले भाजपाइयों का भ्रष्टाचार अभी कुछ दिन पहले पकड़ा गया। इन्होंने चंदे की चोरी की। इलेक्टोरल बांड के नाम पर भ्रष्टाचार और लूट की। बीजेपी के लोगों ने ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स का दबाव बना कर उद्योगपतियों से हजारों करोड़ रूपये की वसूली की। इलेक्टोरल बांड ने भाजपा का बैण्ड बजा दिया है। उद्योगपतियों से तो चंदा वसूला ही। वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी करोड़ों रूपये वसूल लिया। चंदा वसूल कर सबको वैक्सीन लगवा दिया। लोगों की जान खतरे में डाल दी। वैक्सीन को लेकर जो खुलासा हुआ है वह गंभीर है। सरकार ने कर्मचारियों को जबरदस्ती वैक्सीन लगवाई। हम चाहते हैं कि देश के अस्पतालों में हार्ट की जांचे, ईसीजी और अन्य जांच फ्री होनी चाहिए।

# यूपी में गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश, ओले

जनता कनेक्शन

लखनऊ यूपी के कई जिलों में मंगलवार देर शाम मौसम बदल गया और झमाझम बारिश हुई. कुशीनगर में तेज हवाओं के साथ ओले भी पड़े. पिछले कुछ दिनों में पछुआ हवा के कारण बढ़ी गर्मी से लोगों को इस बारिश से थोड़ी राहत मिली. ये बारिश गन्ने और खेतों के जुताई के लिए काफी लाभदायक मानी जा रही है. जानकारों के अनुसार यह बारिश आम और सब्जियों के लिए थोड़ी हानिकारक भी साबित होगी. वहीं, उमस से बीमारियों का खतरा बढ़ेगा.

**चिलचिलाती धूप और लू से राहत**

कुशीनगर में मंगलवार की दोपहर में अचानक मौसम का मिजाज बदला ओले के साथ तेज बारिश शुरू हो गई. बारिश ने बीते कुछ दिनों से चल रही पछुआ हवा और चिलचिलाती धूप व लू से राहत दी है. जानकारों के अनुसार आम लोगों को मिली उमस भरी गर्मी से निजात के साथ गन्ना किसानों के लिए यह बारिश लाभदायक होगी. वहीं, इस बारिश के बाद गर्मी के कारण सख्त हो चुकी जमीनों में



थोड़ी नमी आएगी और खेतों की जुताई भी हो सकेगी.

इस बारिश से बीमारी का भी खतरा

जानकारों ने बताया कि जिले के कुछ इलाकों में अत्यधिक ओलावृष्टि ने सब्जियों को उगाने वाले किसानों की चिंता जरूर बढ़ाई हैं. लोगों को भले ही तुरंत गर्मी से राहत मिली हैं, लेकिन दूसरी तरफ इस बारिश से बीमारियों का भी खतरा बढ़ेगा. मौसम विज्ञान विभाग ने पहले ही यूपी के 20 से अधिक जिलों में धूल भरी आंधी के साथ ही कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश की चेतावनी जारी की थी. मंगलवार सुबह से ही तेज रफ्तार हवाएं चलने लगीं. इससे अधिकतम तापमान में हल्की कमी दर्ज की गई. सुबह-शाम के समय तेज हवाओं के चलने से जहां गर्मी से राहत मिली.

मौसम विज्ञान विभाग ने लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बहराइच, श्रावस्ती, बाराबंकी, गोंडा, बलरामपुर, अयोध्या, सुल्तानपुर, बस्ती सिद्धार्थ नगर, अंबेडकर नगर, सुल्तानपुर, जौनपुर, आजमगढ़, वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर, बलिया, मऊ, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, गोरखपुर, संत कबीर नगर, सिद्धार्थ नगर तथा उनके आसपास के इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश होने तथा धूल भरी तेज रफ्तार हवाओं के चलने की चेतावनी जारी की है.

# राम और भरत मिलन की कथा सुनाई गई

## 9 दिवसीय श्री राम कथा का सातवें दिन

तिंदवारी (बांदा)। क्षेत्र के ग्राम मिरगहनी में स्थित सिद्ध स्थल स्वामी वंशदास बाबा के प्रांगण में हो रही 9 दिवसीय श्री राम कथा के सातवें दिन राम और भरत मिलन की कथा सुनाई गई। जहां कथा की जीवंत प्रस्तुति ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

कथा वाचक स्वामी लोकेंद्र दास महाराज ने कहा कि भरत ननिहाल से आकर अपने पिता राजा दशरथ का अन्तिम संस्कार कर, अयोध्या से गुरू वशिष्ठ को साथ लेकर तीनों माताओं के साथ वन के लिए प्रस्थान किया। निषादराज से भेंट हुई तब ज्ञात हुआ कि भरद्वाज ऋषि के आश्रम में राम पधारे हैं। ऐसा जान भरत ने मुनि को प्रणाम कर प्रभु श्री राम का कुशल क्षेम पूछा, तब पता चला कि प्रभु श्री राम चित्रकूट में कुटी बनाकर निवास कर रहे हैं। तब भरत जी की यात्रा चित्रकूट के लिए प्रस्थान कर गई। देवताओं ने भरत की सेवा कर भक्तों का मान बढ़ाया। श्री राम भरत को देखकर प्रसन्न हो रहे हैं। राम और भरत का मिलन देख देवता भी फूल वर्षा रहे हैं। सीता ने अपनी सासू माताओं को प्रणाम कर अपने पिता जनक से मिलीं और वशिष्ठ जी के चरणों की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उधर भरत अयोध्या जाने को तैयार नहीं हो रहे हैं। राम ने भरत को बताया कि पिता के वैकुंठ जाने पर प्रजा की रक्षा हेतु आप हमारी चरण पादुकाओ को अयोध्या की राजगद्दी पर स्थापित करें। ऐसा वचन सुनकर भरत जी को संतोष हुआ। चरण पादुका सिर में धारण कर भरत जी अयोध्या पुनरू वापस आ गए और नंदी गांव में कुश का आसन बिछाकर 14 वर्ष अयोध्या के प्रजा की सेवा कर अपनी राम भक्ति का अनूठा प्रदर्शन किया। इसीलिए संतों ने कहा है कि बड़ा भाई हो तो राम जैसा और छोटा भाई हो तो भरत जैसा। इस अवसर पर कार्यक्रम संचालक जितेंद्र भारती नागा बाबा, भाजपा नेता आनन्द स्वरूप द्विवेदी, अनूप तिवारी, पूर्व प्रधान प्रतापनारायण त्रिपाठी, शिक्षक नेता हरवंश श्रीवास्तव, प्रमोद त्रिपाठी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# एनसीजेडसीसी की ओर से प्रकाशित पत्रिका में कलाओं का है परिचय

प्रयागराज। एनसीजेडसीसी की ओर से प्रकाशित लोक कला व संस्कृति की तिमाही पत्रिका कला संगम का नया अंक चित्रकला की विविधता पर केंद्रित है। संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से प्रकाशित पत्रिका का यह तीसरा अंक है। पत्रिका में चित्रकला के उद्गम, आदिम मानवों द्वारा गुफाओं की दीवारों पर उकेरी गई आकृतियां, भित्तचित्र, मिथिला, कुमाऊं, राजस्थानी, जनजातीय और गोदना कला का सचित्र चित्रण किया गया है। केंद्र के निदेशक प्रो. सुरेश शर्मा के अनुसार पत्रिका के माध्यम से मिथिला चित्रकला का आधार कोहबर घर की दीवाल पर बनाई गयी आकृतियां, गोण्ड जनजातियों की ओर से बनाए गए पेड़-पौधों व जीव-जंतुओं को दर्शाया गया है। पत्रिका में कुमाऊं की ऐपण कला के बारे में बृजमोहन जोशी, राजस्थान के मांडणा अंकन पर डॉ. आशीष कुमार श्रृंगी, जय प्रकाश चैहान का मालवा की प्रचलित लोक कलाओं के साथ वहां की मांडना कला पर विस्तार से लिखा है। वंदना जोशी ने राजस्थान की गोदना कला को रेखांकित है। इस क्रम में इविवि के डॉ. धनंजय चोपड़ा का मिथिला चित्रकला की सिद्धहस्त कलाकार यशोदा देवी पर लिखा विवेचनात्मक लेख कला साधकों की मेहनत का दर्शाता है। कला समीक्षक प्रयाग शुक्ल ने चित्रकला और आज के समय में उसके स्वरूप पर सारगर्भित लेख लिखा है। पत्रिका की सज्जा हेमंत भटनागर और विरेन्द्र चैहान का है। पत्रिका के संपादक अमिताभ श्रीवास्तव के अनुसार यह अंक लोक कला प्रेमियों को अधिक पसंद आयेगा।

## पूर्व सैनिकों ने शत-प्रतिशत मतदान करने का लिया संकल्प

प्रयागराज। वीर सेनानी पूर्व सैनिक कल्याण समिति प्रयागराज के तत्वावधान में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों व उनके परिवार जनों की बैठक तपोवन पार्क न्यू कैंट प्रयागराज में हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व सूबेदार ईश्वर चंद तिवारी संचालन पूर्व सूबेदार श्याम सुंदर सिंह पटेल व संयोजन पूर्व सूबेदार जी यादव व यस यन मिश्रा ने किया। बैठक में सूबेदार श्याम सुंदर सिंह पटेल ने बैठक के सभी विचार बिंदुओं पर चर्चा करने व प्रस्ताव पारित कराने हेतु मांगों के प्रस्ताव प्रस्तुत किए। जिसमें प्रमुख रूप से अग्नि वीर योजना की खामियां दूर कर अग्नि वीर शहीद को सभी सैनिकों की तरह शहीद का दर्जा, सम्मान व उसके वारिस को आर्थिक सहायता दी जाए, वन रैंक वन पेंशन की पुनरीक्षित पेंशन विसंगतियां दूर हो, पुरानी पेंशन बहाल हो व एक समान राष्ट्रीय पेंशन नीति बने सहित कई मांगों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया जिसे पूरा करने हेतु सरकार को भेजा इसी क्रम में अन्य मांगों में पूर्व सैनिकों का गृह कर उत्तर प्रदेश में माफ हो जैसे 16 प्रदेशों में माफ है। नेशनल हाईवे टोल टैक्स पूर्व सैनिकों का माफ हो जैसे पहले था, पेंशन वृद्धि पेंशनर को 65 वर्ष में 5: ,70 वर्ष में 10:, 75 वर्ष में 15: की वृद्धि की जाए ,वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराया में छूट हो जैसे पहले थी सहित तैंतीस मांगों का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे पूर्व सूबेदार ईश्वर चंद्र तिवारी ने कहा कि सैनिकों का कार्य देश सेवा से जुड़ा है जिसे सरकार हमेशा सर्वोच्च स्थान देती रही है फिर अग्नि वीर सैनिकों के साथ भेदभाव क्यों हो रहा है भेदभाव सेना में अच्छा नही है सेना में भेदभाव करना उनका अपमान व देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। इस पर सरकार विचार करें व अग्नि वीर योजना की खामियों को दूर करें नहीं तो यह योजना बंद करके सेना की भर्ती पहले जैसी व्यवस्था से हो क्योंकि यह योजना सफल होती नहीं दिख रही है। इससे सेना, जनता व पूर्व सैनिकों में बहुत आक्रोश है। बैठक में शामिल प्रमुख लोगों में एस पी सिंह, बी एन सिंह, संजय सिंह, मंसूर हसन, शक्ति सिंह, अमित केसरवानी, सुरेंद्र पाठक, कुमारी राशी आदि कई लोग शामिल रहे।

## फसल कम होने से किसान ने आत्महत्या कर जान दी

जसपुरा/बांदा। थाना जसपुरा के अंतर्गत ग्राम नादादेव का निवास देशराज पुत्र कल्लू उम्र (45)वर्ष ने फसल कम होने से किसान ने आत्महत्या कर जान दी मृतक देशराज के बड़े भाई कृष्णपाल ने बताया कि देशराज अपने घर पर अकेला रहता था मृतक तीन भाई एव दो बहनें है जो सादी सुदा है मृतका तीन भाइयों में से सबसे छोटा भाई था जो अविवाहित है मृतका के पिता कल्लू 15 वर्ष पूर्व से लापता है मृतका के पिता के नाम लगभग 9 बीघा जमीन है उस मे से 5 बीघा में चना बोया था जब किसान काटकर दाना निकाला तो 10 किलो चना निकला उसी दहशत में आकर घर के आंगन के बाहर लगा नीम के पेड़ पर रस्सी से देशराज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर जान दे दी बताया गया कि मृतका अपने सोनू, मोनू,कवकुश,आदि को मेहनत मजदूरी करके पढ़ाता लिखाता था अचानक मृतका के भाई ने देखा तो पुलिस को सूचना देने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुच कर मृतका का पंच नामा भर कर पीएम के लिए बाँदा भेज दिया गया है वही थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह रजावत ने बताया कि प्रथम द्रष्टया आत्महत्या का लगता है फिर भी पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चले गा।

# बवाली बाबा पर गैंग रेप का आरोप

बरेली ।भाजपा सरकार का जमकर दुरुपयोग कर रहे बवाली बाबा गैंग के लोग गैंग रेप कि पीड़िता को धमकाने पहुंचे ए जिसमें कुछ महिलाएं भी हैं शामिल ए किला पुलिस मौनएआपको बताते चलें कि बृहस्पतिवार को अपने एक घरेलू मामले के मुकदमे मे सुनवाई न होने के कारण एक विवाहिता थाना सीबीगंज के बाहर खड़ी थी ए महिला का आरोप है की समय करीब 11 से 12रू00 के बीच दो लोग थाना सीबीगंज के अंदर से आकर महिला से उसकी परेशानी का कारण पूछते हैं उन दो लोगों में एक अपने आप को एक वकील का मुंशी बताता है तथा दूसरा साधू वेश में था ए महिला ने उन्हें अपनी परेशानी बताई उन्होंने महिला की परेशानी का समाधान अपने वकील साहब से करने का वायदा किया ए महिला को झांसा देकर दोनों आरोपी महिला को सिटी स्टेशन के सामने एक होटल में ले गए ए महिला द्वारा होटल में लाने का कारण पूछने पर उक्त दोनों आरोपियों ने बताया कि हमारे वकील साहब यहीं आकर अपने क्लाइंट से बातें करते हैं ए महिला का आरोप है के उक्त दोनों लोगों से दोबारा पूछने पर उन लोगों ने मारपीट करते हुए महिला से गैंगरेप किया ए तथा मुंह खोलने पर महिला तथा महिला के पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए महिला को होटल में छोड़कर चले गए ए किसी तरह महिला अपनी समस्या को लेकर थाना किला पहुंची लेकिन शहर में गृहमंत्री अमित शाह का प्रोग्राम होने के कारण थाने में पुलिस फोर्स ना होने का हवाला देकर महिला को वहां से टरका दिया गयाए तथा महिला से 2 दिन बाद आने को कहा ए महिला ने एक वरिष्ठ भाजपा नेता के यहां अपने साथ हुए जुल्म की दास्तान सुनाकर आरोपियों पर नेताजी से करवाई करवाने की गुहार लगाई ए वरिष्ठ समाजसेवी द्वारा इंस्पेक्टर किला को कहने के बाद भी किला पुलिस द्वारा पूरे मामले को झूठा बताकर महिला को थाने से भगा दिया गया ए तथा पुलिस द्वारा आरोपियों को महिला के घर का पता बता दिया गया ए बवाली बाबा गैंग की एक महिला सदस्य ने पीड़ित महिला के घर जमकर नंगा नाच किया ए जिसकी वीडियो भी पीड़ित महिला के पास उपलब्ध हैं ए आज महिला अपने ऊपर हुए जुल्म की रास्ता सुनाने एडीजी महोदय के पास पहुंची लेकिन चुनावी व्यस्तता के चलते महिला को एडीजी महोदय नहीं मिल सके ए अब देखना है किला पुलिस बवाली बाबा गैंग पर कार्रवाई करती है या फिर भाजपा सरकार होने के कारण महिला के एक अल्पसंख्यक समुदाय का होने पर महिला को न्याय मिल पाता है या नहीं ए यह वही थाना किला है जहां एक बहुसंख्यक समाज की लड़की को एक अल्पसंख्यक समाज के लड़के के द्वारा ले जाने पर तत्कालीन सीओ महोदय साद मियां खान से भी बहुसंख्यक समाज द्वारा धक्का मुक्की की गई थी।

# हॉकी इंडिया ने महिला जूनियर हॉकी टीम की घोषणा की

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने सोमवार को यूरोपीय दौरे के लिए 22 सदस्यीय जूनियर महिला टीम की घोषणा कर दी है। डिफेंडर ज्योति सिंह को 21 से 29



मई तक होने वाले यूरोप दौरे के लिए भारत की 22 सदस्यीय जूनियर महिला हॉकी टीम का कप्तान और मिडफील्डर साक्षी राणा उपकप्तान बनाया गया है। भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड के दो क्लबों ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश और आरेंजी रूड से छह मैच खेलेगी। टीम की कप्तान ज्योति ने कहा कि टीम में अच्छा तालमेल हैं। हम सभी एक दूसरे को बखूबी जानते हैं। सभी कुशल और प्रतिभाशाली हैं। उन्होंने कहा कि विदेश में शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलना सीखने के लिये बहुत अच्छा होगा। भारतीय टीम 21 मई को ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश से पहला मैच और 22 मई को ब्रेडा में ही बेल्जियम के खिलाफ दूसरा मैच खेलेगी। इसके बाद 24 मई को बेल्जियम में मेजबान से मुकाबला होगा। जर्मनी के साथ 26 मई को ब्रेडा और 27 मई को जर्मनी में खेलना है। इसके बाद 29 मई को ब्रेडा में आरेंजी रूड से आखिरी मुकाबला होगा। गोलकीपर- अदिति माहेश्वरी, निधि

डिफेंडर - ज्योति सिंह (कप्तान), लालथांटलुआंगी, अंजलि बारवा, पूजा साहू, ममिता ओरम, निरू कुल्लू

मिडफील्डर -के सोनिया देवी, रजनी केरकेटा, प्रियंका यादव, के शिलेइमा चानू, साक्षी राणा (उपकप्तान), अनिशा साहू, सुप्रिया कुजूर फॉरवर्ड - बिनिमा धन, हिना बानो, लालरिंपुइ, इशिका, संजना होरो, सोनम, कनिका सिवाच।

## श्याम लाल ने कहा पीडीए की मजबूती ही भाजपा को सत्ता से बाहर करेगी

प्रयागराज। सपा का प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार प्रयागराज पहुंचे श्याम लाल पाल का पार्टी कार्यालय में जोरदार स्वागत हुआ। यहां उन्होंने कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की मजबूती ही भाजपा को सत्ता से दूर करेगा। जॉर्ज टाउन स्थित जिला कार्यालय में पार्टी नेताओं पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती, संविधान की सुरक्षा, बेरोजगारों को रोजगार, किसानों को एम मएसपी, महिलाओं की सुरक्षा, पुरानी पेंशन, किसानों की कर्ज माफी, गरीबों को निःशुल्क इलाज जैसे मुद्दों को लेकर ही इण्डिया गठबंधन चुनाव मैदान में है। वहीं भाजपा और उसका एनडीए गठबंधन मंदिर मस्जिद, हिन्दू मुसलमान में अटका हुआ है। उसे देश के आम आदमी की मूलभूत समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल पीडी पार्क स्थित डॉ लोहिया एवं हाईकोर्ट चैराहे स्थित डॉ अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन करने के बाद सीधे कन्नौज जिले के लिए रवाना हो गए। इस दौरान सर्व जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, विधायक गण विजमा यादव, गीता शास्त्री, संदीप पटेल, पूर्व सांसद धर्म राज पटेल, राष्ट्रीय महासचिव मयंक श्रीवास्तव, पंधारी यादव, पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह, पूर्व विधायक गण जोखूलाल यादव, आकाश यादव, दान बहादुर मधुर, बासुदेव यादव, राधेश्याम पटेल, सत्यवीर मुन्ना,डॉ राजेश, दूध नाथ पटेल आदि मौजूद रहे।

## जीजा के हत्यारोपित की जमानत अर्जी मंजूर

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अलीगढ़ के बन्ना देवी इलाके में बहन और भांजे के साथ मिलकर जीजा की हत्या करने के आरोपी साले की जमानत मंजूर कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की अदालत ने आरोपी संजय उर्फ सज्जन की ओर से दाखिल दूसरी जमानत अर्जी पर अधिवक्ता बलबीर यादव की दलील सुनकर दिया है। यह बहुचर्चित मामला अलीगढ़ के जिले के थाना बन्ना देवी इलाके का है। 11 अप्रैल 2018 को पुलिस को ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव क्षत-विक्षत मिला था। उसकी पहचान राधेलाल पुत्र पन्नालाल निवासी बरौला जाफरबाद थाना बन्नादेवी के रूप में हुई। 12 अप्रैल को पोस्टमार्टम के बाद जब मौत के कारणों की जांच की गई तो बेहद रोचक तथ्य सामने आए। पिता पन्नालाल ने बहू मालती, पौत्र अमित और बहू के भाई संजय उर्फ सज्जन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। अभियोजन की कहानी के मुताबिक राधेलाल की पत्नी उससे छुटकारा चाहती थी। क्योंकि, राधेलाल शराब बहुत पीता था और पत्नी को मारता-पीटता था। इससे तंग आकर उसने भाई और बेटे के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उसे दुर्घटना का रूप देने के लिए शव ले जाकर ट्रैक पर फेंक दिया था। रातभर ट्रेनें निकलती रहीं, जिससे शव क्षत-विक्षत हो गया था। इसके बाद पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया था। पिछले पांच वर्षों से आरोपी जेल में था। इस दौरान ट्रायल शुरू हो गया। याची के अधिवक्ता बलबीर यादव ने दलील दी कि ट्रायल के दौरान मुकदमा वादी पन्ना लाल और उनकी पत्नी कश्मीरी के दर्ज बयान अभियोजन की कहानी का समर्थन नहीं करते। मालती को हाईकोर्ट से पहले ही जमानत मिल चुकी है।

## महाकुंभ से पूर्व बिजली पोल और तारों के मकड़जाल को खत्म किया जाएगा

प्रयागराज। महाकुंभ-2025 से पहले शहर को सुंदर और भव्य रूप से सजाए जाने की तैयारी चल रही है। इसी क्रम में शहर के किनारे लगे बिजली पोल और तारों के मकड़जाल को भी खत्म किया जा रहा है। विद्युत महकमे की ओर से शहर के तमाम मोहल्ले में जर्जर लाइन व सड़े-गले खंभों को बदलने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसके साथ ही बिजली विभाग की ओर से कई मार्गों की बिजली लाइन को भूमिगत किया जा रहा है। बमरौली एयरपोर्ट से लेकर शहर में दाखिल होने तक के मार्ग को सुंदर बनाने के चलते इस मार्ग पर तारों का मकड़जाल पूरी तरह से साफ किया जा रहा है। विद्युत महकमा यहां पर सड़क के किनारे लगे सभी पोल को भी हटा रहा है। वहीं मार्ग पर लगे ट्रांसफार्मरों को भी पीछे की ओर शिफ्ट किया जा रहा है।

# सरकारी भवनों से पालिका करेगी करोड़ों की वसूली

कपिल सोनी/जनता कनेक्शन

उरई। पालिका राजस्व बढ़ाने के लिए अब सरकारी भवनों और व्यावसायिक भवनों को चिह्नित कर रही है। सूची में जिला अस्पताल के साथ बिजली विभाग को शामिल किया गया है। कर निर्धारण की जानकारी जुटाने के लिए बिजली विभाग को नोटिस भी जा चुका है। उनसे भवनों और बिजली घरों की सूची मांगी गई है।नगर पालिका शहर के अंदर बने उन सरकारी और गैर सरकारी भवनों को चिह्नित कर रही है, जिनका कर बढ़ना है। इस सूची में इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा है कि जिनका कर एक लाख से अधिक बढ़ना है, उन्हें सूची में पहले जगह दी जा रही है। ताकि राजस्व में पालिका को अधिक मुनाफा हो सके। फिलहाल पालिका अभी नोटिस भेजेगा। आंकड़ा मिल जाने के बाद कर निर्धारित किया जाएगा।

बिजली विभाग को नगर पालिका के कर विभाग से एक महीने पहले नोटिस भेजा जा चुका है। इसमें अधिशासी अभियंता प्रथम से शहर के



अंदर पालिका की जद में आने वाले भवनों और बिजली घरों की सूची मांगी गई है।पालिका ने यह कार्रवाई एक महीने पहले की थी, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं आने पर पालिका फिर से अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता को नोटिस भेज रहा है। ताकि समय पर सही जवाब और स्थानों का पता चल सके। इसके बाद कर बढ़ाने की कार्रवाई होगी। पालिका के गैर जिम्मेदारी रवैया के चलते अभी तक इन भवनों से कोई कर नहीं लिया जा रहा था। अब इन्हें कर के दायरे में लाने की कोशिश पालिका कर रही है।

पालिका के कर विभाग की मानें तो शहर के अंदर सात से आठ स्थान पर बिजली विभाग के बिजली घर, कर्मियों के आवास व कार्यालय बने हैं। इसके अलावा कालपी रोड, जालौन रोड व कोंच बस स्टैंड के आसपास बने बिजली विभाग के कार्यालय और बिजली घरों का क्षेत्रफल काफी बड़ा है। अगर सब का आंकड़ा मिल जाए तो साल का एक करोड़ तक कर वसूली जा सकता है।

**वर्जन-**

शहर के अंदर बने भवनों को चिह्नित किया जा रहा है, सभी की सूची बनाई जा रही है। इस साल पिछली साल से करीब चार से पांच करोड़ की अधिक कर की वसूली की जाएगी। कई भवनों को चिह्नित किया गया है, उन्हें नोटिस भेजा जाएगा। अगर सभी भवन स्वामी और सरकारी भवन समय पर कर दें तो पालिका को बढ़ा राजस्व मिलेगा। **-गणेश प्रसाद, कर अधीक्षक, नगर पालिका।**

इससे पालिका के राजस्व में अच्छी खासी बढ़त होगी और शहर के विकास में अहम योगदान मिलेगा।

शहर में बने जिला अस्पताल, महिला अस्पताल और सीएमओ ऑफिस पर अभी तक पालिका न के बराबर कर वसूली करती थी। सालाना 300 से लेकर 500 रुपये कर आता था। दो साल पहले पालिका ने कर बढ़ा दिया है। शहर की सभी घरेलू, व्यावसायिक और सरकारी भवनों से कर बढ़ा कर लिया जा रहा है। इसी के तहत अब अस्पतालों का भी कर बढ़ना है। कर निरीक्षक धर्मेंद सिंह की मानें तो तीनों भवनों से करीब 10 से 15 लाख का कर वसूला जाएगा। उन्होंने बताया कि कर बढ़ाने के लिए अभी कागजी कार्रवाई शुरू होनी है। इसके लिए पुराना डाटा खंगाला जा रहा है। इससे इन भवनों की जगह का अनुमान लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि नोटिस भेजकर इन भवनों का क्षेत्रफल भी जाना जाएगा।

मेडिकल कॉलेज का कर दो महीने पहले बढ़ा दिया गया है। नोटिस भेजकर उनका क्षेत्रफल जानकार नपाई करके राजस्व का निर्धारण भी कर दिया गया है। एक साल का करीब 50 लाख का कर मेडिकल कॉलेज पर लगा है। पिछले साल और इस साल का मेडिकल कॉलेज ने कर नहीं दिया है। उन से कर वसूलने के लिए पालिका ने एक सप्ताह पहले मेडिकल कॉलेज को बिल भेजा है, जो एक करोड़ का है। अधिकारियों की मानें तो अगर मेडिकल कॉलेज का कर आ जाता है तो अन्य भवनों से कर वसूली में कोई दिक्कत नहीं आएगी।

## आठ वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म का प्रयास

उरई। घर पर खेल रही आठ वर्षीय मासूम को अकेला पाकर एक युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। मासूम के शोर मचाने पर परिजनों को आता देखकर आरोपी भाग गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवक ने थाना पुलिस को तहरीर दी।

बताया कि सोमवार सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली से भूसा लेकर उसके घर आए युवक ने उसकी पत्नी से पानी मांगा। जब पत्नी पानी लेने के लिए अंदर गई तो युवक ने वहीं खेल रही उसकी आठ वर्षीय पुत्री को पकड़कर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। मासूम के शोर मचाने पर पत्नी व अन्य लोगों को आता देखकर आरोपी मौके से भाग गया। युवक की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ गिरजाशंकर त्रिपाठी का कहना है कि रिपोर्ट दर्जकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है, जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

